संख्या. ए-30012/03/2024- समन्वय

भारत सरकार

सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय

खुर्शीद लाल भवन, जनपथ,

नई दिल्ली, दिनांक 27.05.2024

कार्यालय ज्ञापन

विषय: अप्रैल, 2024 माह के लिए मंत्रिमंडल के लिए मासिक सारांश – तत्संबंधी।

अधोहस्ताक्षरी को अप्रैल, 2024 माह के लिए सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय की गतिविधियों का मासिक सार इसके साथ परिचालित करने का निर्देश हुआ है।

संलग्नक: यथोपरि ।

(राज कुमार)

उप सचिव भारत सरकार

दूरभाष . 23455303

सेवा में,

1. मंत्रिपरिषद के सभी सदस्य (सूची के अनुसार)।
2. भारत सरकार के सभी सचिव (सूची के अनुसार)।
3. मंत्रिमंडल सचिव, मंत्रिमंडल सचिवालय, राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली।
4. उपाध्यक्ष, नीति आयोग, योजना भवन, नई दिल्ली।
5. भारत के माननीय राष्ट्रपति के सचिव, राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली।
6. भारत के माननीय उपराष्ट्रपति के सचिव, 6, मौलाना आज़ाद रोड, नई दिल्ली।
7. प्रधान सूचना अधिकारी, सूचना और प्रसारण मंत्रालय, प्रथम तल , शास्त्री भवन, नई दिल्ली।

प्रतिलिपि :

i. माननीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय, खुर्शीद लाल भवन, नई दिल्ली, के निजी सचिव
ii. सचिव (सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय), खुर्शीद लाल भवन, नई दिल्ली के वरिष्ठ प्रधान निजी सचिव ।
iii. प्रधान निजी सचिव, अपर महा निदेशक (एससीडी), सांख्यिकी भवन, 'सी' ब्लॉक, प्रथम तल , एमवी मार्ग, दिल्ली।
iv. अपर महा निदेशक, IIICU, खुर्शीद लाल भवन, नई दिल्ली, के प्रधान निजी सचिव ।
v. उप महा निदेशक (कार्यक्रम कार्यान्वयन स्कन्ध), आर.के. पुरम, नई दिल्ली के प्रधान निजी सचिव ।

अन्य प्रतिलिपि :

डीआईआईडी (कंप्यूटर केंद्र सहित), लेवल-3, पूर्वी ब्लॉक-10, आर.के. पुरम, नई दिल्ली को मंत्रालय की आधिकारिक वेबसाइट पर मासिक सारांश अपलोड करने के अनुरोध के साथ।

**सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय की** अप्रैल, **2024 माह की प्रमुख पहलें और उपलब्धियां ।**

मंत्रालय ने **13 मई 2024** को **अप्रैल, 2024** (अनंतिम) महीने के लिए और **मार्च 2024** (अंतिम) महीने के लिए अखिल भारतीय ग्रामीण, शहरी, संयुक्त के लिए **आधार 2012=100** पर उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) के उप-समूहों/समूहों की कीमतों में उतार-चढ़ाव जारी किए । ग्रामीण, शहरी और संयुक्त क्षेत्र के लिए **अप्रैल, 2024** (अनंतिम) महीने के लिए सामान्य उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) 188.5, 184.7 और 186.7 थे जो क्रमशः 5.43%, 4.11% और 4.83% की वार्षिक मुद्रास्फीति दर दर्शाते हैं । **मार्च, 2024** के महीने के लिए ग्रामीण, शहरी और संयुक्त क्षेत्र हेतु तद्नुरूपी मुद्रास्फीति दरें (अंतिम) क्रमशः 5.51%, 4.14% और 4.85% थीं।

2. ग्रामीण, शहरी और संयुक्त क्षेत्र के लिए **अप्रैल, 2024** (अनंतिम) माह हेतु अखिल भारतीय उपभोक्ता खाद्य मूल्य सूचकांक (सीएफपीआई) क्रमशः 188.9, 195.4 और 191.2 था । ग्रामीण, शहरी और संयुक्त क्षेत्र के लिए **अप्रैल, 2024** (अनंतिम) महीने के लिए सीएफपीआई हेतु अखिल भारतीय वर्ष-दर-वर्ष मुद्रास्फीति दरें क्रमशः 8.75%, 8.56% और 8.70% थी । **मार्च, 2024** के महीने के लिए ग्रामीण, शहरी और संयुक्त क्षेत्र हेतु तद्नुरूपी मुद्रास्फीति दरें (अंतिम) क्रमशः 8.55%, 8.41% और 8.52% थीं।

3. **मार्च 2024** माह के आधार वर्ष 2011-12 के साथ अखिल भारतीय औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) (त्वरित अनुमान) दिनांक **10 मई, 2024** को जारी कर दिया गया है और यह 159.2 रहा ।

4. सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के राष्ट्रीय लेखा प्रभाग ने अप्रैल 2024 में 16 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के साथ वर्ष 2021-22 और 2022-23 के लिए सकल राज्य घरेलू उत्पाद के तुलनीय अनुमानों पर चर्चा का आयोजन किया ।

5. इस मंत्रालय द्वारा **अप्रैल, 2024** माह के लिए ऑनलाइन कम्प्यूटरीकृत निगरानी प्रणाली (ओसीएमएस) के अंतर्गत निगरानी की गई केंद्रीय क्षेत्र की परियोजनाओं के प्रमुख बिंदु निम्नांकित हैं:

| | |
|---|---|
| चल रही परियोजनाओं की कुल संख्या | 1838 |
| वास्तविक लागत की तुलना में लागत वृद्धि वाली परियोजनाओं की संख्या | 448 |
| समयावृद्धि वाली परियोजनाओं की संख्या | 792 |
| पूर्ण दर्ज की गई परियोजनाओं की संख्या | 61 |
| मार्च 2024 तक संचयी व्यय | 1642858.28 करोड़ रू. |
| चालू माह (अप्रैल, 2024) के दौरान व्यय | 50139.17 करोड़ रू. |
| अप्रैल, 2024 तक संचयी व्यय | 1692997.45 करोड़ रू. |

क्रमशः -2-

6. अवसंरचना क्षेत्रों के निष्पादन पर नवीनतम समीक्षा रिपोर्ट के अनुसार, वित्तीय वर्ष 22-23 की तदनुरूपी अवधि की तुलना में अप्रैल-मार्च वित्तीय वर्ष 23-24 में प्रासंगिक मापदंडों यथा **[विद्युत]** विद्युत उत्पादन **(+7.06%)**, **[कोयला]** लिग्नाइट सहित कोयला उत्पादन **(+10.9%)**, **[इस्पात]** तैयार स्टील का उत्पादन **(+12.7%)**, **[सीमेंट]** सीमेंट उत्पादन **(+9.1%)**, **[उर्वरक]** नाइट्रोजन, फॉस्फेट और यूरिया उत्पादन **(+8.4%)**, **[पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस]** कच्चा तेल उत्पादन **(+0.6%)**, संसाधित कच्चा तेल (+2%) एवं प्राकृतिक गैस उत्पादन **(+5.8%)**, **[सड़कें]** एनएचएआई द्वारा राजमार्गों का उन्नयन **(+36.1%)** और राज्य पीडब्ल्यूडी एवं सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) द्वारा राजमार्गों का उन्नयन **(+13.8%)**, **[रेलवे]** संभाला गया यात्री यातायात **(+7.9%)**, गेज दोहरीकरण और नई लाइनें **(+1.3%)** एवं माल ढुलाई द्वारा अर्जित राजस्व **(+5.2%)**, **[पोत परिवहन]** प्रमुख बंदरगाहों पर संभाला गया कुल कार्गो (+**4**.5%), एवं प्रमुख बंदरगाहों पर संभाला गया कोयला **(+2.0%)**, **[नागर विमानन]** हवाई अड्डों पर संभाला गया निर्यात कार्गो **(+14.8%)** एवं हवाई अड्डों पर संभाला गया आयात कार्गो **(+3.4%)**, **[नागर विमानन]** संभाला गया अंतरराष्ट्रीय यात्री यातायात (+2**2.3**%) एवं संभाला गया घरेलू यात्री यातायात **(+13.5%)**, **[दूरसंचार]** बेस ट्रांसीवर स्टेशनों सहित टावर्स **(+65.1%)** और **[दूरसंचार]** नए नेट वायरलाइन टेलीफोन कनेक्शन (+10.5%) में सकारात्मक वृद्धि दर देखी गई है ।

****